प्रैस विज्ञप्ति

शिमला 30 अप्रैल 2016: शिक्षा निदेशक (उच्चतर) हिमाचल प्रदेश श्री दिनकर बुड़ाथोकी ने एक प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि उच्चतर शिक्षा विभाग राजीव गांधी डिजिटल योजना के अर्न्तगत हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला (कांगडा) के 10वीं और 12वीं कक्षा के मार्च 2015 के 10,000 मेधावी छात्र–छात्राओं को लैपटॉप वितरित कर रहा है। लैपटॉप वितरण का शुभारम्भ श्री वीरभद्र सिहं जी माननीय मुख्यमन्त्री हिमाचल प्रदेश के कर कमलों द्वारा दिनांक रविवार, 1 मई 2016 को प्रातः 10:00 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) सुन्दर नगर जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश में किया जा रहा है। इस मद पर 18 करोड़ 32 लाख, 30 हजार रूपये की राशि खर्च की गई है।

(दिनकर बुड़ाथोकी)
शिक्षा निदेशक (उच्चतर)
हिमाचल प्रदेश।

प्रतिलिपि

1. निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन केन्द्र शिमला।
2. सम्पादक
   अमर उजाला, दैनिक भास्कर, दिव्य हिमाचल,
   पंजाब केसरी, दैनिक जागरण, हिमाचल दस्तक, आपका फैसला,
   दैनिक ट्रिब्यून, हिन्दूस्तान टाईम्स